राजधानी •
वर्ष 19 | अंक 178 | पृष्ठ : 18+4
मूल्य : चार रुपये
6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 21 संस्करण

अमर उजाला

नई दिल्ली
बुधवार, 6 अक्तूबर 2021
आश्विन अमावस्या
विक्रम संवत-2078

दोहरी चुनौती पाकिस्तान-चीन की हर चालबाजी का मुंहतोड़ जवाब देने को वायुसेना तैयार...11

दिल्ली-एनसीआर

शूटिंग चैंपियनशिप में यूपी टीम का हिस्सा बनेंगे 8 खिलाड़ी

ग्रेटर नोएडा। ग्रेनो वेस्ट के गौड़ इंटरनेशनल स्कूल की शूटिंग एकेडमी के आठ खिलाड़ियों का चयन यूपी टीम में हुआ है। सभी खिलाड़ी प्री नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप का हिस्सा बनेंगे। अगर अच्छा प्रदर्शन किया तो राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगे। मंगलवार को स्कूल प्रबंधन ने सभी खिलाड़ियों को सम्मानित कर शुभकामनाएं दीं। गौड़ ग्रुप की डायरेक्टर मंजू गौड़ ने बताया कि 26 सितंबर से एक अक्तूबर के बीच लखनऊ में यूपी स्टेट रायफल एसोसिएशन ने 44वीं यूपी स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप-2021 का आयोजन कराया था। इसमें स्कूल की शूटिंग एकेडमी के खिलाड़ी सिद्धार्थ वर्मा, साइना रावत, उपासना, चाहत चोला, एंजेल पांडे, आमोघ, नित्या सिंह, पूर्विका सिंह ने शानदार प्रदर्शन किया। इसके आधार पर उनका चयन यूपी की टीम में हुआ है। अब वो प्री नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में भाग लेंगे, जो 10 अक्तूबर से एक नवंबर के बीच अहमदाबाद में आयोजित होगी। कोच मोहित ने बताया कि अहमदाबाद में अच्छा प्रदर्शन कर खिलाड़ियों के पास राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने का मौका है। सभी खिलाड़ी कड़ी मेहनत कर रहे हैं। ब्यूरो